आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 19.10.2024
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नीति आयोग से पर्वतीय क्षेत्रों से पलायन की समस्या के समाधान के लिए लोगों की आजीविका बढ़ाने के लिए विशेष नीति बनाने का आग्रह किया।
- केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने देश में बन रहे पुलों के निर्माण में नई तकनीक के इस्तेमाल पर जोर दिया।
- केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव की तैयारियां जोरों पर, उपचुनाव के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा।
- बागेश्वर जिला प्रशासन ने जनपदवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए **हैलो बागेश्वर हैल्प डैस्क** की शुरूआत की।
- केंद्र सरकार के सहयोग से गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र में तीन स्थानों पर मिनी स्टेडियम और महाविद्यालयों में व्यायामशालाएं खोली जाएंगी।

**नीति आयोग**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पर्वतीय क्षेत्रों से पलायन की समस्या के समाधान के लिए नीति आयोग से लोगों की आजीविका बढ़ाने के लिए विशेष नीति बनाने का आग्रह किया है। आज देहरादून में मुख्यमंत्री ने नीति आयोग की उपाध्यक्ष सुमन बेरी के साथ राज्य से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के दौरान ये आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बर्फ आधारित नदियों को वर्षा आधारित नदियों से जोड़ने की महत्वाकांक्षी परियोजना पर काम कर रही है, जिसके दीर्घकालिक परिणाम गेम चेंजर साबित होंगे। "नदी–जोड़ो परियोजना" के क्रियान्वयन के लिए अत्यधिक धनराशि की आवश्यकता बताते हुए श्री धामी ने नीति आयोग से तकनीकी सहयोग के लिए अनुरोध किया। उन्होंने नीति आयोग के उपाध्यक्ष से राज्य में फ्लोटिंग आबादी को ध्यान में रखते हुए राज्य के लिए नीति बनाने पर जोर दिया।

**कार्यशाला**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा है कि देश में बन रहे पुलों के निर्माण में नई तकनीक के इस्तेमाल पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए हर साल कार्यशाला आयोजित कर इंजीनियरों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। श्री टम्टा ने देहरादून में दो दिवसीय 'स्टील सेतु के डिजायन, निर्माण और रख रखाव' के लिए आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए ये बात कही। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला के जरिए अभियंताओं को दुनिया के दूसरे देशों में अपनाई जा रही तकनीक की जानकारी मिलेगी।

कार्यशाला में प्रतिभाग करते हुए लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि प्रदेश में तेजी से बढ़ते आवागमन और बेहतर संपर्क मार्ग के लिए स्टील सेतु का निर्माण अत्यंत महत्वपूर्ण है। आकाशवाणी से बातचीत में उन्होंने

कहा कि पारंपरिक पुलों की तुलना में ये पुल कम समय में तैयार हो जाते हैं और आपातकालीन स्थितियों में बहुत लाभकारी हैं।

ये कार्यशाला इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ ब्रिज एंड स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग के भारतीय राष्ट्रीय समूह, केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय और लोक निर्माण विभाग, उत्तराखंड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है।

## केदारनाथ उपचुनाव

केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं। चुनाव आयोग मतदाताओं को मतदाता शपथ, पोस्टर, मेहंदी, रंगोली, स्लोगन निर्माण प्रतियोगिताओं और अन्य माध्यमों से मतदान के प्रति जागरूक करने में जुटा है। साथ ही विभन्न राजनीतिक दल भी चुनाव प्रचार में जुट गए हैं। गौरतलब है कि के लिए उपचुनाव के लिए 20 नवंबर को मतदान और 23 नवंबर को मतगणना होगी।

## हेलो बागेश्वर

बागेश्वर जिला प्रशासन ने जनपदवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए हैलो बागेश्वर हैल्प डैस्क 94—12—99—59—58 की शुरूआत की है। इसके अलावा सरकार की रोजगारपरक योजनाओं के लाभार्थियों को किसी भी प्रकार की समस्याओं की सहायता के लिए भी ये हैल्प डैस्क नम्बर काम करेगा। हैलो बागेश्वर का शुभारंभ करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि हैल्प डैस्क में जिन विभागों की समस्याएं और शिकायतें दर्ज होंगी, उनका प्राथमिकता पर निस्तारण किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की जन—कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लाभार्थी को तय समय मिल सके इस दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है।

## मिनी स्टेडियम सहमति

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र में तीन स्थानों पर मिनी स्टेडियम बनाने पर सहमति जताई है। साथ ही गढ़वाल लोकसभा के महाविद्यालयों में केंद्र सरकार के सहयोग से व्यायामशालाएं भी खोली जाएंगी। ये जानकारी देते हुए गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने बताया कि उन्होंने इस मामले को लेकर केंद्रीय खेल मंत्री से उनके कार्यालय में मुलाकात की। सांसद बलूनी ने कहा कि इस पर जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। श्री बलूनी ने कहा कि मिनी स्टेडियम बनने से गढ़वाल के युवाओं को देहरादून या किसी अन्य शहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इससे विभिन्न प्रतियोगिताओं और खेल गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

## ई–विधानसभा

राज्य विधानसभा में कागज रहित संचालन और ई–ऑफिस प्रणाली लागू करने के लिए कार्य शुरू हो गया है। ई–विधानसभा के लिए सभी विधायकों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। आगामी विधानसभा सत्र से पहले देहरादून विधानसभा और ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण स्थित भराड़ीसैंण विधानसभा में डिजिटलीकरण का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। राष्ट्रीय ई–विधान के माध्यम से आगामी सत्र की कार्यवाही का संचालन भी होगा। ये जानकारी देते हुए विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूड़ी ने कहा कि उत्तराखंड विधानसभा में ई–ऑफिस पर शत–प्रतिशत काम किया जाएगा।

## पौड़ी पुलिस

पौड़ी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह ने त्यौहारी सीजन में सभी थाना प्रभारियों को अपने थाना क्षेत्रों में पैदल गश्त लगाने के निर्देश दिए हैं। जिला मुख्यालय पौड़ी में अपराधों पर रोक लगाने के लिए आयोजित बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अपराधों, साइबर अपराधों और नशे की प्रवृत्ति को रोकने के लिए हर स्तर फर जन–जागरूकता करने पर भी बल दिया। बैठक में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला ग्राम प्रहरी सहित 37 पुलिस कार्मिकों को सम्मानित भी किया गया।

## पोस्ट ऑफिस गबन

बागेश्वर जिले के सिमगड़ी उपडाकघर में करोड़ों रुपये के गबन का मामला सामने आया है। खाताधारकों ने जिलाधिकारी से दोषियों के खिलाफ कार्रवाई कर उनके पैसे वापस दिलाने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने जो रकम जमा करने के लिए पोस्टमास्टर को दी थी, वह उनके खातों में जमा नहीं हुई है। इस मामले पर जिलाधिकारी आशीष भटगाईं ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## नकली नोट

प्रदेश पुलिस ने नकली नोटों का कारोबार करने वाले मेरठ निवासी परमित कुमार को देहरादून के पटेलनगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त से नकली नोट बनाने की सामग्री के साथ ही 80 हजार रूपये के 500 रूपये के नकली नोट और अन्य सामग्री बरामद हुई है।

## गुलदार चम्पावत

चंपावत जिले के राइकोट कुंवर गांव में कल देर रात गुलदार के हमले में तीन साल का बच्चा घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल बच्चे को हल्द्वानी स्थित सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती किया गया है। लोहाघाट के वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि विभाग गुलदार को पकड़ने के लिए राइकोट में पिंजरा लगा रहा है।

## राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली में 62वें राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों में निवेश और मजबूत रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण किया जा रहा है ताकि वैश्विक परिदृश्य में सशस्त्र बल भविष्य के लिए मजबूत और लचीले बने रहें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में युद्धक्षेत्र का दायरा समुद्र, वायु और पारंपरिक युद्धक्षेत्रों से आगे बढ चुका है। श्री सिंह ने कहा, सशस्त्र बलों के लिए अब साइबर, अंतरिक्ष और सूचना युद्ध, पारंपरिक युद्ध अभियानों की तरह महत्वपूर्ण हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि एआई में पूर्वानुमान करने और निर्णय लेने की अभूतपूर्व क्षमता है।